**लिखित**

**1)प्रश्नों के उत्तर लिखो __**

**क)ईदगाह जाते समय लड़के ज्यादा प्रसन्न क्यों थे ?**

**उत्तर- ईदगाह जाते समय लड़के ज्यादा प्रसन्न इसलिए थे क्योंकि उन्हें आज ईदी मिली थी और वे उन पैसों से मिठाइयाँ,खिलौने आदि खरीद सकते थे।**

**ख) हामिद के दोस्तों ने कौन-कौन से खिलौने खरीदे ?**

**उत्तर- हामिद के दोस्तों ने सिपाही, भिश्ती,वकील आदि खिलौने खरीदे ।**

**ग) लोहे की दुकान पर चिमटा देखकर हामिद ने क्या सोचा ?**

**उत्तर- लोहे की दुकान पर चिमटा देखकर हामिद ने सोचा कि उसकी दादी के पास चिमटा नहीं है और तवे से रोटी उतारते समय रोज उनका हाथ जल जाता है अगर वह चिमटा ले लगा तो दादी खुश हो जाएगी।**

**घ) अपने मित्रों को मिठाई और खिलौने खरीदते देखा हामिद के मन में क्या क्या विचार उठ रहे थे? विस्तार से लिखो ।**

**उत्तर- अपने मित्रों को मिठाई तथा खिलौने खरीदते देख हामिद सोचता कि इतने महँगे खिलौने किसी काम के नहीं । यदि**

हाथ से छूट गए तो चूर चूर जाएँगे  और पानी पड़ गया तो सारा रंग धुल जाएगा । ऐसे खिलौने लेकर वह क्या करेगा। उसके सभी दोस्त मिठाई खा रहे थे वह सब को खड़ा ललचाई आँखों  से देख रहा था

च) चिमटा खरीदने का कारण जानकर अमीना ने क्या सोचा?

उत्तर- चिमटा खरीदने का कारण जानकर अमीना का क्रोध स्नेह में बदल गया उसने सोचा कि बच्चे में कितना प्यार, सद्भाव तथा विवेक है ।